प्रेषक,
निदेशक(प्राविधिक)
प्रादेशिक स्टाफ प्रशिक्षण एवं शोध केन्द्र
उ0प्र0, अलीगंज, लखनऊ।

सेवा में,
सूचना निदेशक,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,उ0प्र0,
लखनऊ।

पत्रांकः– 443 /शोध केन्द्र/सं0विज्ञप्ति/साज–सज्जा/2015 दिनांकः 20.03.2015

विषयः–साज–सज्जा क्रय हेतु अल्पकालीन निविदा विज्ञप्ति प्रकाशन के सम्बन्ध में।

महोदय,

संलग्न अल्पकालीन निविदा विज्ञप्ति को राष्ट्रीय स्तर के हिन्दी एवं अंग्रेजी के कम से कम दो–दो समाचार पत्रों में राजकीय नियमानुसार प्रकाशित कराते हुए प्रकाशन की प्रति इस कार्यालय को उपलब्ध करानें का कष्ट करें। सम्बन्धित विज्ञप्ति छः–छः प्रतियों में सी0डी0 सहित आपको आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(सै0 अली हुजूर)
निदेशक (प्राविधिक)

7181
23/3/15

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन, उ0प्र0, लखनऊ।
2. निदेशक, व्यावसायिक परीक्षा परिषद, उ0प्र0, अलीगंज, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ कि संलग्न अल्पकालीन निविदा प्रपत्र को वेबसाईट **www.vppup.in** पर प्रकाशित/अपलोड करानें का कष्ट करें।

संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।

(सै0 अली हुजूर)
निदेशक (प्राविधिक)

कार्यालयः–प्रादेशिक स्टाफ प्रशिक्षण एवं शोध केन्द्र,
(व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग, उ0प्र0)
परिसर–राजकीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ।

(टेण्डर संख्या–SSRTC/TE/2014-15/02)

## अल्पकालीन निविदा विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से निदेशक(प्राविधिक), प्रादेशिक स्टाफ प्रशिक्षण एवं शोध केन्द्र, अलीगंज, लखनऊ द्वारा केन्द्र के विभिन्न व्यवसाय (फिटर ,विधुत एवं मैकेनिक आर0ए0सी0) के साज–सज्जा (टूल्स,उपकरण एवं मशीनरी आदि) की आपूर्ति हेतु सील बन्द अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदाकर्ता को तकनीकी संस्थानों, राजकीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्थानों सहित आपूर्ति का कम से कम 10 (दस) वर्षो का अनुभव आवश्यक है। निविदा की अन्य शर्ते, विवरण, धरोहर राशि एवं सामग्री सूची आदि निविदा प्रपत्र में अंकित है। निविदा के विवरण निम्नवत हैं जो कि विभागीय वेबसाइट –**www.vppup.in** पर भी उपलब्ध है।

1– टेण्डर प्रपत्र शुल्क – रूपये 1,000/–एवं रूपये 50/–डाक शुल्क अतिरिक्त।
2– अर्नेस्ट मनी – रूपये 3.50 लाख ( रू0 तीन लाख पचास हजार मात्र)

निदेशक (प्राविधिक), प्रादेशिक स्टाफ प्रशिक्षण एवं शोध केन्द्र, लखनऊ के पक्ष में किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से डिमाण्ड ड्राफ्ट/एफ0डी0आर0 के रूप में निविदाकर्ता टेण्डर में भाग लेने हेतु निर्धारित अर्नेस्ट मनी का ड्राफ्ट टेण्डर तकनीकी ऑफर के लिफाफे में संलग्न कर भाग ले सकता है।

3–टेण्डर बिकी की अन्तिम तिथि एवं समय – दिनांकः 27–03–2015 (पूर्वान्ह 11 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक समस्त कार्यदिवसों में।)
4–टेण्डर जमा की अन्तिम तिथि एवं समय – दिनांकः 28–03–2015 अपरान्ह 12:30 बजे तक।
5–तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोलने की तिथि एवं समय – दिनांकः 28–03–2015 अपरान्ह 01:00 बजे।
6–वेबसाइट का नाम–**www.vppup.in**

अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये निविदा के समस्त अथवा किसी अंश को निरस्त या संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित होगा। निविदा प्रपत्र/विवरण वेबसाइट **www.vppup.in** पर भी उपलब्ध है। उपरोक्त उल्लिखित वेबसाइट से भी निविदा प्रपत्र/विवरण डाउनलोड किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में निविदा शुल्क बैंक ड्राफ्ट निविदा के टेक्नीकल ऑफर के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

निदेशक(प्राविधिक)
प्रादेशिक स्टाफ प्रशिक्षण एवं शोध केन्द्र,